मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
''चयन भवन, चिनार पार्क (ईस्ट), मेन रोड नं.1, भोपाल – 462011

सूचना

पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक (जी.डी.) की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा 2026 के संबंध में

मंडल द्वारा "पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक (जी.डी.) की सीधी भर्ती चयन परीक्षा 2026" हेतु जारी विज्ञापन एवं नियमपुस्तिका में संभावित परीक्षा तिथि "19/11/2026 से प्रारंभ" विज्ञापित की गयी थी| उक्त परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है मंडल द्वारा पुलिस विभाग की ही अन्य परीक्षा के आयोजन एवं अभ्यर्थियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा आयोजन की तिथि को आगे बढ़ाते हुए परीक्षा की निश्चित तिथि तथा विस्तृत समय-सारणी (Exam Schedule) अतिशीघ्र आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित की जाएगी।

परीक्षा से संबंधित प्रवेश पत्र (Admit Card) एवं अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी परीक्षा तिथि की घोषणा के साथ ही वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाएंगे। सभी अभ्यर्थी नवीनतम एवं प्रामाणिक जानकारी के लिए नियमित रूप से मंडल की आधिकारिक वेबसाइट www.esb.mp.gov.in का अवलोकन करते रहें।

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल
भोपाल